नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान स

Ref: 162/2021
Dt-10-6-2021

प्रिय मंगल जी,

रामनरेश
11-06-21

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल झंझारपुर में आधारभूत स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन के संबंध में।**

मधुबनी जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल झंझारपुर इलाके का सबसे पुराना एवं बड़ा अस्पताल है। यह झंझारपुर अनुमंडल के 4 प्रखंडों के मरीजों के ईलाज का एकमात्र केन्द्र है। यह इलाका बाढ़ प्रवन्न क्षेत्र है तथा घनी आबादी के कारण रोगियों की तायदाद में वृद्धि होना भी स्वाभाविक है।

झंझारपुर एक बड़ा शहर है, जहाँ अनेको विभागीय कार्यालय, सभी सरकारी बैंक की शाखाऐं शिक्षण संस्थाऐं एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान है। झंझारपुर में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण का कार्य चल रहा है जिसे पूर्ण होने में लगभग तीन–चार वर्ष का समय लग जायेगा। ऐसी स्थिति में इस अस्पताल के सुविधाओं का उन्नयन करना आवश्यक है।

कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी एवं अन्य बिमारियों के इलाज हेतु इस अस्पताल में आधारभूत स्वास्थ्य सुविधाओं में आधुनिक उपकरण, आवश्यकता अनुसार चिकित्सक, विशेषज्ञ चिकित्सक, तकनीशियन एवं अन्य पारा–मेडिकल कर्मचारियों की तैनाती आवश्यक है। सरकार द्वारा मरीजों के हित में राज्य में सितंबर 2020 तक डॉक्टरों सहित 30 हजार स्वास्थ्यकर्मी की नियुक्ति होगी, यह सराहनीय प्रयास है।

इस अस्पताल के उन्नयन, उत्तम ईलाज व्यवस्था तथा विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा लेने से यह झंझारपुर अनुमंडल ही नहीं बल्कि फुलपरास अनुमंडल के चार प्रखंडो के विभिन्न रोगों से ग्रस्त मरीज अन्य सभी सुविधाओं से युक्त अस्पताल के प्रति आकर्षित होंगे और अपना सही ईलाज करा सकेंगे। अनुमंडलीय अस्पताल झंझारपुर के विकसित होने से मधुबनी जिला के सदर अस्पताल पर भी भार कम पड़ेगा।

अतः अनुरोध है अनुमंडलीय अस्पताल झंझारपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 10.6.21

सेवा में,
श्री मंगल पांडे जी,
माननीय मंत्री,
स्वास्थ्य विभाग,
बिहार, पटना।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in